सौहार्द से मनाएं त्योहार, सुरक्षा में चूक पर होगी सख्त कार्रवाई -डीएम-एसपी

देवरिया। आगामी धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा और छठ महापर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर की संयुक्त अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में डीएम व एसपी ने दो टूक कहा कि त्योहारों में खलल डालने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। उन्होंने सभी से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने कहा कि सभी त्योहार प्रेम और सामाजिक सद्भाव का संदेश देते हैं। संवेदनशील इलाकों में विशेष चौकसी बरती जाए और अधिकारी आपसी समन्वय से काम करें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी व नगर पालिका-नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ घाटों की विशेष सफाई कराई जाए और प्रकाश की समुचित व्यवस्था रहे। चिह्नित स्थानों पर ही लगेंगी पटाखों की दुकानें बैठक में आतिशबाजी की दुकानों को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पटाखों की दुकानें सड़कों से दूर केवल प्रशासन द्वारा तय खुले स्थानों पर ही लगाई जाएंगी। दुकानों पर अग्निशमन यंत्र और बालू-पानी की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य होगी। अफसरों को निर्देश दिया गया कि वे मौके पर जाकर सुरक्षा मानकों की जांच करें। अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी साइबर सेल की नजर पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने कहा कि पर्वों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। बैठक में एडीएम (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, एडीएम (वित्त एवं राजस्व) पंकज प्रकाश राठौर, सीएमओ, एएसपी, सभी एसडीएम, सीओ, थानाध्यक्षों सहित विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु व गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में डीएम ने जिले वासियों को त्योहारों की अग्रिम बधाई दी।




❖ शांति व्यवस्था:पुलिस लाइन में पीस कमेटी की बैठक, धनतेरस से छठ तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

समाजसेवी सुनील राव के चुनावी मैदान में आने से समीकरण के साथ परिणाम चौकाने वाला होगा

(बशीर अहमद)

पथरदेवा(देवरिया)। यह सम्भाददाता विधानसभा पथरदेवा क्षेत्र का लगभग एक सप्ताह दौरा किया तो ग्रामीणों के अनुसार यदि समाजसेवी सुनील राव चुनावी मैदान में उतरते है तो चुनावी समीकरण बदला-बदला दिखेगा और चुनावी परिणाम भी चौकाने वाला हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार समाजसेवी सुनील राव की चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी जोरों पर चल रही है उनके द्वारा कई चार पहिया लग्जरी वाहन क्षेत्र में समाजसेवा करने के लिए लगा हुआ है यहाँ तक समाजसेवी सुनील राव लगभग पन्द्रह वर्षो की समाजसेवा के दम पर चुनावी ताल थोक सकते है जिससे कई प्रत्याशियों के दिग्गज प्रत्याशियों के लिए चुनौती साबित हो सकता है।विधानसभा का चुनाव 2027 में होना सुनिश्चित है जिसको देखते हुए समाजसेवी सुनील राव पूरी तैयारी करने में लगे हुए है। चुनाव की आहट के साथ ही पथरदेवा की शियासत में नये समीकरण बनने के संकेत मिलने लगे है विभिन्न दलों के सम्भावित प्रत्याशियों में बेचैनी छा गयी है पिछले पन्द्रह वर्षो से क्षेत्र में लगातार जन सेवा कर रहे सुनील राव चुनावी रणभूमि में उतरते है तो विधानसभा पथरदेवा का राजनीतिक गणित बदल सकता है ऐसे में आगामी चुनाव का मुकाबला सभी प्रत्याशियों के बीच काफी दिलचस्प होगा परिणाम भी चौकाने वाला हो सकता है। हम आप को बता दे पथरदेवा विधानसभा पर जिले के ही नही बल्कि उत्तर प्रदेश के राजधानी के राजनीतिक गलियारों में वी.आई.पी.सीटों में शुमार है यहाँ से भाजपा के सूर्य प्रताप शाही,सपा से ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी बीते चुनाव



में लड़ चुके है जिसमें सूर्य प्रताप शाही की जीत हुई है दूसरी ओर सपा के पूर्व मंत्री शाकिर अली के पुत्र परवेज आलम भी पार्टी टिकट के लिए अपनी दावेदारी मजबूती करने में लगे हुए है इन दिग्गज चेहरों के बीच पिछले एक दशक से क्षेत्र के लोगों के दुःख-सुख में भागीदारी निभा रहे समाजसेवी सुनील राव की सम्भावित राजनीतिक दस्तक में चुनावी चर्चाओं को नया मोड़ दे दिया है लगातार जन सम्पर्क और सामाजिक गतिविधियों के जरिये लोगों के बीच अपनी पहचान बनाने वाले समाजसेवी सुनील राव अब विधानसभा चुनाव में अपनी भाग्य आजमाने का मन बना चुके है। क्षेत्र में चर्चा है कि यदि सुनील राव चुनावी मैदान में उतरते है तो मुकाबला अन्य प्रत्याशियों से जोरदार करेगे और चुनावी परिणाम चौकाने वाला हो सकता है। ग्रामीणों के अनुसार उनकी उम्मीदवारी से मतों का बिखराव और नये राजनीतिक समीकरण उभर सकते है इसका सीधा असर विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के दिग्गज प्रत्याशियों के ऊपर पड़ सकता है फिलहाल सुनील राव की उम्मीदवारी को लेकर विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा में कई तरह की अटकले लगायी जा रही है जिस दिन समाजसेवी सुनील राव का नाम प्रत्याशी के रूप में समाचार पत्रों में आयेगा उस दिन उनके समर्थकों के साथ ही आम जनता में हलचल जरूर पैदा होगी और सबकी निगाहे इस बात पर टिकी है कि पन्द्रह वर्षो की समाजसेवा को राजनीतिक जन समर्थन में बदलने के लिए सुनील राव कब और किस रूप में चुनावी मैदान में उतरते है। ग्रामीणों ने बताया कि समाजसेवी सुनील राव के अन्दर जाति पाति की भेदभाव नही है यदि किसी भी जाति के जरूरतमन्द है तो उनके जरूरत को पूरा करने के लिए प्रयास करते है।

पेंशनरों को अब घर बैठे जमा करना होगा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र


देवरिया। जिले के पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों को अब जीवित प्रमाण पत्र जमा करने के लिए कोषागार का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। वे घर बैठे ही ऑनलाइन डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकेंगे। इस संबंध में गुरुवार को वरिष्ठ कोषाधिकारी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश पेंशनर्स कल्याण संस्था की जिला शाखा के पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई।

बैठक में संस्था के अध्यक्ष श्रीराम त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। पेंशनरों को वेबसाइट, आधार ऐप और जीवन प्रमाण ऐप के माध्यम से प्रमाण पत्र जमा करने के लिए जागरूक किया गया।

वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि पेंशनरU jeevanpramaan.gov.in वेबसाइट पर बैंक खाता संख्या, पीपीओ नंबर और आधार नंबर दर्ज कर जीवन प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। इसके लिए स्मार्टफोन के प्ले स्टोर से आधार फेस आरडी ऐप और जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड करना होगा। इसके अलावा उमंग ऐप के माध्यम से भी बायोमेट्रिक सत्यापन कर जीवन प्रमाण पत्र जमा किया जा सकता है।उन्होंने बताया कि जीवन प्रमाण पत्र वर्ष में एक बार किसी भी महीने जमा किया जा सकता है। जिन पेंशनरों को अपना पीपीओ नंबर नहीं मालूम है, वे कोषवाणी की वेबसाइट koshvani.up.nic.in पर बैंक खाता संख्या का विवरण भरकर पीपीओ नंबर प्राप्त कर सकते हैं। अधिकारियों ने पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारियों से भी इस सुविधा की जानकारी अधिक से अधिक पेंशनरों तक पहुंचाने की अपील की।

अब सुरक्षित होगा सफर : देवरिया में ई-रिक्शा और ऑटो का डिजिटल सत्यापन, वाहनों पर लगेगा बारकोड

देवरिया। जिले की सड़कों पर दौड़ने वाले ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा में सफर करने वाले यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने एक हाईटेक पहल शुरू की है। यातायात माह के तहत देवरिया पुलिस अब जिले भर के ई-रिक्शा और ऑटो चालकों का मोबाइल ऐप के जरिए डिजिटल सत्यापन कर रही है। सत्यापन के बाद हर वाहन पर एक विशेष बारकोड (क्यूआर कोड) चस्पा किया जा रहा है, जिसमें वाहन मालिक और चालक की पूरी जानकारी फीड रहेगी। पुलिस के इस नवाचार की गोरखपुर परिक्षेत्र के डीआईजी एस. चन्नप्पा ने भी खुलकर सराहना की है। एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत चौराहों और थानों पर वाहनों की गहन जांच की जा रही है। जांच पूरी होते ही प्रत्येक ऑटो और ई-रिक्शा को एक विशिष्ट बारकोड आवंटित किया जा रहा है। इस बारकोड के जरिए संबंधित थाने की पुलिस को अपने इलाके में चलने वाले हर व्यावसायिक वाहन की पहचान उजागर हो जाएगी, जिससे पुलिस को त्वरित कार्रवाई करने में सहूलियत मिलेगी। इस पहल का स्थानीय ऑटो और ई-रिक्शा चालक संघों ने भी स्वागत किया है और चालक स्वयं आगे आकर अपना सत्यापन करवा रहे हैं।



❖ डीआईजी गोरखपुर रेंज एस. चन्नप्पा ने देवरिया पुलिस के मॉडल को सराहा, अन्य जिलों के लिए बताया नजीर

धनतेरस आज, भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की होगी विशेष पूजा

सलेमपुर (देवरिया)। धनतेरस का पावन पर्व शुक्रवार, 6 नवम्बर को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। उक्त बातें आचार्य अजय ने बताते हुए कहा कि दीपावली के पाँच दिवसीय महापर्व का शुभारंभ धनतेरस से होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन से अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसी कारण इस दिन को धन्वंतरि जयंती और धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने आगे कहा कि त्रयोदशी तिथि 6 नवंबर शुक्रवार को सुबह लगभग 10:31 बजे प्रारंभ होगी और 7 नवंबर शनिवार को सुबह लगभग 10:48 बजे तक रहेगी। धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 5:30 बजे से 7:47 बजे तक रहेगा। प्रदोष काल शाम 5:19 बजे से 7:54 बजे तक रहेगा। इसी अवधि में यम दीपदान करना भी शुभ माना जाता है। आचार्य अजय शुक्ल के अनुसार धनतेरस के दिन प्रातःकाल घर की साफ-सफाई कर मुख्य द्वार पर रंगोली बनाएं और संध्या समय दीप प्रज्वलित करें। भगवान धन्वंतरि की पूजा करके परिवार के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करें। माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की विधिवत पूजा करें। इस दिन सोना, चांदी, पीतल, तांबे के बर्तन अथवा अपनी सामर्थ्य के अनुसार घरेलू उपयोग की वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस की शाम घर के मुख्य द्वार पर दक्षिण दिशा की ओर यमराज के निमित्त दीपदान करने की परंपरा है। धार्मिक मान्यता है कि इससे परिवार के सदस्यों को अकाल मृत्यु के भय से मुक्ति और दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। भगवान धन्वंतरि को आयुर्वेद और चिकित्सा का देवता माना जाता है। इसलिए इस दिन आरोग्य की कामना के साथ उनकी पूजा का विशेष महत्व है।

दोस्त का फेसबुक अकाउंट हैक कर 30 हजार रुपये की ठगी, पुलिस ने रकम कराया वापस

देवरिया। दोस्त के फेसबुक अकाउंट को हैक कर साइबर ठगों ने देवरिया के एक युवक से 30 हजार रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने दोस्त के फेसबुक अकाउंट से मैसेज भेजकर रुपये मांगे थे। दोस्त का संदेश समझकर युवक ने रकम भेज दी। बाद में असलियत सामने आने पर पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। सुरौली पुलिस की साइबर टीम ने कार्रवाई करते हुए पूरी रकम वापस करा दी।

मामला सुरौली थाना क्षेत्र के जद्दू परसिया गांव निवासी अखिलेश कुशवाहा से जुड़ा है। उनके एक मित्र का फेसबुक अकाउंट अज्ञात साइबर ठगों ने हैक कर लिया था। इसके बाद उसी अकाउंट से अखिलेश को मैसेज भेजकर 30 हजार रुपये मांगे गए। मित्र का संदेश समझकर उन्होंने रुपये भेज दिए। बाद में मित्र ने फोन कर बताया कि उसने कोई रकम नहीं मांगी थी और उसका फेसबुक अकाउंट हैक कर लिया गया था। ठगी का पता चलने पर अखिलेश ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर के निर्देशन में सुरौली पुलिस की साइबर टीम ने रकम होल्ड कराई। न्यायालय के आदेश के बाद विधिक प्रक्रिया पूरी कर 30 हजार रुपये पीड़ित के खाते में वापस करा दिए गए।



❖ न्यायालय के आदेश पर पीड़ित के खाते में पहुंची धनराशि, साइबर ठगी का शिकार हुए अखिलेश कुशवाहा ने जताया आभार

अर्जुन सिंह ने लागू कराया था उच्च शिक्षा में ओबीसी आरक्षण -चंद्रभूषण

देवरिया। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि उच्च शिक्षा में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था तत्कालीन केंद्रीय मंत्री अर्जुन सिंह की पहल पर लागू हुई थी। उन्होंने गुरुवार को रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर अर्जुन सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 में आईआईटी, आईआईएम और एम्स सहित केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों में ओबीसी आरक्षण का प्रस्ताव लाया गया था। बाद में 10 अप्रैल 2008 को सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी सहायता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों में 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को बरकरार रखा। इस दौरान कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चौथी बार प्रदेश संयोजक बनने पर डॉ. अभय मणि त्रिपाठी का जगह-जगह स्वागत

देवरिया। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के चौथी बार प्रदेश संयोजक बनाए जाने के बाद डॉ. अभय मणि त्रिपाठी का देवरिया पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। खरोह चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। डॉ. त्रिपाठी के स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। समर्थकों ने चौथी बार प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें बधाई दी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उनका काफिला सुबह 11:20 बजे गौरी बाजार, 11:40 बजे सिरजम चौराहा और दोपहर 12 बजे बैतालपुर पहुंचा। इसके बाद 12:20 बजे पुरवा स्थित आरटीओ कार्यालय, 12:40 बजे सुभाष चौक होते हुए दोपहर एक बजे पंडित दीनदयाल पार्क (न्यू कॉलोनी) पहुंचा, जहां स्वागत कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।



❖खरोह चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से किया अभिनंदन

मनी ताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की पहल, गांव को मिलेगी नई पहचान

लक्ष्मीगंज (कुशीनगर)। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने और गांव की ऐतिहासिक पहचान को नई ऊंचाई देने की दिशा में रामकोला विकास खंड की ग्राम सभा खोटही में महत्वपूर्ण पहल की गई है। गांव स्थित मनी ताल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना के तहत ताल के किनारे बने पार्क को आकर्षक स्वरूप दिया गया है। यहां स्थापित अशोक स्तंभ ग्राम गौरव के प्रतीक के रूप में अपनी अलग पहचान बना रहा है।संयुक्त मजिस्ट्रेट एवं खंड विकास अधिकारी मयंक त्रिपाठी की पहल पर पार्क परिसर में अशोक स्तंभ की स्थापना कराई गई है। इसके साथ ही परिसर में इंटरलॉकिंग, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण के कार्य भी पूरे कराए गए हैं। बदली हुई तस्वीर के साथ मनी ताल और उसके आसपास का पार्क क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बन गया है। इस पहल का उद्देश्य गांव की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को विकास से जोड़ने के साथ पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा देना है। उम्मीद है कि आने वाले समय में मनी ताल क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अपनी जगह बना सकेगा।इसी क्रम में आज शुक्रवार को पार्क परिसर में स्थापित ग्राम गौरव स्तंभ का लोकार्पण जिलाधिकारी संजय चौहान और सांसद विजय कुमार दुबे करेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी की जा रही हैं।



❖ खोटही में स्थापित अशोक स्तंभ बनेगा ग्राम गौरव का प्रतीक, पार्क का हुआ कायाकल्प❖आज जिलाधिकारी संजय चौहान और सांसद विजय कुमार दुबे करेंगे लोकार्पण

विधायक के प्रयास से बेलपार 112 नंबर ढाले पर बनेगा ऊपरगामी पुल

भाटपार रानी देवरिया। स्थानीय विधानसभा के यशस्वी विधायक सभाकुंवर कुशवाहा के अथक प्रयास से बेलपार 112 नंबर रेलवे ढाले पर ऊपरगामी पूल निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 126 करोड रुपए स्वीकृत हो गया अब इस पुल को बनने में सभी अड़चने दूर हो गई और रास्ता साफ हो गया । बतादे उत्तर प्रदेश सरकार से परियोजना का प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई तथा पुल निर्माण के लिए पहले किस्त के रूप में 26 करोड़ 17 लाख 74 हजार रु जारी भी हो गए हैं । पूछे जाने पर विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने कहा कि बेलपार चौराहे पर स्थित रेलवे ढाले पर ओवरब्रिज निर्माण के लिये विधानसभा क्षेत्र की जनता की जो लंबे समय से मांग चली आ रही थी , तथा रेलवे फाटक का बार-बार बंद हो जाने से जाम की समस्या से हमेशा जनता को जूझना पड़ रहा था इस समस्या को देखते हुए हमेशा शासन स्तर पर मैं प्रयास किया , अंततः उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने क्षेत्र की जरूरत को समझते हुए ओवर ब्रिज निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी । इस ओवर ब्रिज की निर्माण से हमारे विधानसभा क्षेत्र के जनता की जाम वाली समस्या का निदान होगा इसके लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट किया । उन्होंने यह भी बताया कि इस परियोजना में रेलवे क्षेत्र के ऊपर 76 मीटर लंबा टू लेन का ओवर ब्रिज बनाया जाएगा तथा सलेमपुर की ओर 232 मी और भिगारी बाजार की तरफ 168 मीटर तथा भाटपार रानी नगर के तरफ 232 मीटर लंबा पुल का निर्माण होगा , इस ओवर ब्रिज के निर्माण से क्षेत्र की जनता में अपार खुशी की लहर है ।



त्योहारों को लेकर डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों को दिए सतर्कता बरतने के निर्देश

देवरिया। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए गुरुवार को डीआईजी गोरखपुर परिक्षेत्र एस. चनप्पा ने पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्कता बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। डीआईजी ने बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील इलाकों में प्रभावी पुलिस गश्त कराने को कहा। साथ ही त्योहारों के दौरान आमजन के आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने और स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छोटी से छोटी सूचना को गंभीरता से लिया जाए और किसी भी स्थिति में शांति व्यवस्था प्रभावित न होने पाए। स्थानीय नागरिकों और आयोजकों से संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया। बैठक में एसपी अभिजित आर. शंकर, एएसपी उत्तरी आनंद कुमार पांडेय, एएसपी दक्षिणी सुनील कुमार सिंह और सभी क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे। जबकि जिले के सभी थाना प्रभारी गूगल मीट के माध्यम से जुड़े।



पढ़ें, बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें-जिला जज

देवरिया। जनपद न्यायाधीश धनेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि महिलाएं पढ़ें, आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें। आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ कानूनी अधिकारों की जानकारी भी महिलाओं के लिए जरूरी है। वह गुरुवार को जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित महिला सशक्तीकरण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने हस्तशिल्प, घरेलू उपयोग की वस्तुओं और स्थानीय उत्पादों के स्टाल लगाए। न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और आम लोगों ने स्टालों पर पहुंचकर उत्पादों की खरीदारी की और महिलाओं का उत्साह बढ़ाया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अर्चना ने महिलाओं और बालिकाओं को घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, लैंगिक अपराधों तथा अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, महिला हेल्पलाइन और वन स्टॉप सेंटर की सुविधाओं के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के माध्यम से महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ स्वरोजगार और स्वावलंबन का संदेश दिया गया।



बंजरिया क्षेत्र के सड़कों की चौड़ीकरण के लिए धन स्वीकृति

पथरदेवा(देवरिया)- विधानसभा क्षेत्र पथरदेवा के भाजपा विधायक प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के प्रयास से विधानसभा पथरदेवा क्षेत्र के बंजरिया यूनियन बैंक चौराहे से खनुआ नदी तक सड़कों के चौड़ीकरण परियोजना को मंजूरी मिलने पर क्षेत्रीय लोगों में प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के प्रति हर्ष व्याप्त है। प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के जन सम्पर्क अधिकारी सुजीत सिंह रघुवंशी के अनुसार इस महत्वपूर्ण सड़क के चौड़ीकरण की मंजूरी मिलने पर क्षेत्रवासियों ने प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के प्रति आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इस सड़क के चौड़ीकरण से आवागमन आसान होगा और दो पहिये से लेकर चार पहिये के वाहन चालकों को राहत मिलेगी। इस क्षेत्र के लोग लम्बे समय से इस मार्ग पर सड़क की चौड़ाई बढ़ाने की मांग कई बार प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से किया जिसपर परियोजना को स्वीकृति मिलने से क्षेत्र की विकास को एक नयी गति मिलने की पूरी उम्मीद है साथ ही जनपद देवरिया एवं कुशीनगर को जोड़ते हुए यह मार्ग नेशनल हाइवे पर जायेगा क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

